**NEWS CLIPPING: 14.08.2019**

**NAVBHARAT TIME**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी में मनाया हरियाली पर्व




■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी की तरफ से गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को यूनिवर्सिटी में हरियाली पर्व मनाया गया। छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए आयोजित किए गए इस पर्व के तहत 500 पौधे लगाए जाने हैं। साथ ही उनकी देखरेख भी सुनिश्चित करना है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी 20 एकड़ में बनी हुई है और इसे हरित परिसर बनाने में कोई बड़ी चुनौतियां नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि पर्यावरण विज्ञान विभाग यूनिवर्सिटी में पर्यावरण संरक्षण के लिए नियम बनाए और उनकी अनुपालना को सुनिश्चित करने के लिए जुर्माना आदि का प्रावधान भी रखा जाए। इस मौके पर डॉ. रेनूका गुप्ता, डॉ. अरविंद गुप्ता, डॉ. संदीप ग्रोवर आदि मौजूद थे।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.ymcaust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 14.08.2019**

**PUNJAB KESARI**

### विश्वविद्यालय ने गुरू नानक जयंती पर 550 पौधे लगाने तथा देखभाल करने का लिया संकल्प

# पर्यावरण संरक्षण के लिए मनाया गया 'हरियाली पर्व'

**पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थी 'ग्रीन पुलिसिंग' की तरह करें काम: कुलपति प्रो. दिनेश कुमार**




*विद्यार्थियों के साथ समूह*

फरीदाबाद, 13 अगस्त (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा श्री गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों की कड़ी में 'हरियाली पर्व' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है। 'हरियाली पर्व' के अंतर्गत विश्वविद्यालय का लक्ष्य 550 पौधे लगाना तथा उनकी देखभाल सुनिश्चित करना है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि गुरु नानक देव जी भारत के महान दार्शनिकों, शिक्षकों और समाज सुधारकों में से एक थे, जिन्होंने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से समाज को प्रेम, शांति, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरू नानक देव जी ने अपनी बाणी में प्रकृति के संरक्षण की बात कही है। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 'ग्रीन पुलिसिंग' की तर्ज पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का परिसर मात्र 20 एकड़ का है, जिसे पूर्णतः 'हरित परिसर' के रूप में विकसित करना चुनौतीपूर्ण नहीं है। कुलपति ने कहा कि पौधे को लगाने से ज्यादा अहम उनकी देखभाल है। इसलिए, जितने भी पौधे विश्वविद्यालय परिसर में लगाये जाये, उनकी देखभाल भी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की क्षमता के अनुरूप विश्वविद्यालय चार हजार से ज्यादा पौधों की देखभाल को सुनिश्चित बना सकता है, जिसके लिए विद्यार्थियों को पहल करनी होगी। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण पर कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के समापन पर सभी को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इससे पूर्व, कुलपति ने विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रदर्शित पोस्टर तथा 'सीड बॉल' स्टॉल का मुआयना भी किया। पर्यावरण सोसायटी 'वसुंधरा' द्वारा 'सीड बॉल' स्टॉल के माध्यम से भी बीज वितरित किये जा रहे है। बीजों को खाद तथा मिट्टी के मिश्रण के साथ गेंद के रूप में प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर डीन संस्थान डॉ. संदीप ग्रोवर, पर्यावरण विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित, डॉ. अरविंद गुप्ता तथा विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पौधरोपण अभियान की संयोजक एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में फैकल्टी इंचार्ज डॉ. रेनूका गुप्ता ने बताया कि अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों में फलदार तथा औषधीय पौधे लगाये जा रहे है, जिसमें नीम, अर्जुन, जामुन, अमलताज, अमरूद, नींबू, तुलसी, अनार, अल्सटोनिया और करीपत्ता के पौधे शामिल है। यह अभियान दो चरणों में आयोजित किया जा रहा। पहला चरण में पर्यावरण सोसायटी 'वसुंधरा' के वालंटियर्स की मदद से 100 पौधे लगाये जायेंगे और 150 पौधों का वितरित किया जायेगा। इसी तरह से दूसरे चरण में विश्वविद्यालय द्वारा 300 पौधे गोद लिये गये गांवों तथा आसपास के क्षेत्र में रोपित और वितरित किये जायेंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को पौधारोपण तक सीमित न रखते हुए उन्हें पौधों की देखभाल के प्रति भी जागरूक बनाना है।

**NEWS CLIPPING: 14.08.2019**

**AMAR UJALA**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 'हरियाली पर्व' मनाया



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में 'हरियाली पर्व' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना रहा। 'हरियाली पर्व' के अंतर्गत विश्वविद्यालय का लक्ष्य 550 पौधे लगाना और उनकी देखभाल सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर सेल्फी प्रतियोगिता पौधा मेरा दोस्त का भी शुभारंभ किया गया। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि गुरु नानक देव भारत के महान दार्शनिकों, शिक्षकों और समाज सुधारकों में से एक थे। उन्होंने अपनी शिक्षाओं के माध्यम से समाज को प्रेम, शांति, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। कुलपति ने पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए 'ग्रीन पुलिसिंग' की तर्ज पर काम करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का परिसर मात्र 20 एकड़ का है, जिसे पूर्णतः 'हरित परिसर' के रूप में विकसित करना चुनौतीपूर्ण नहीं है। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 14.08.2019**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए में 550 पौधे लगाए

**फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) में गुरु नानक देव जी के 550वें प्रकाशोत्सव के मौके पर श्रृंखलाबद्ध कार्यक्रमों की कड़ी में 'हरियाली पर्व' का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों कोप्रर्यावरण के प्रति जगारूक करना है।

इस मौके पर विश्वविद्यालय परिसर में करीब 550 पौधे लगाए गए। वहीं, पर्यावरण संरक्षण पर कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किए गए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। 550वीं जयंती के मौके पर विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं, विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए 'ग्रीन पुलिसिंग' की तर्ज पर काम करने का आह्वान किया गया। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर 20 एकड़ में है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति दिनेश कुमार ने दी।

## जागरूकता

- वाईएमसीए में हरियाली पर्व का आयोजन किया गया
- छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण पर कविता और भाषण पेश किए

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए सेल्फी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसके तहत 'हरियाली पर्व' अभियान में पौधा गोद लेने वाले पंजीकृत प्रतिभागियों को पौधे के साथ सेल्फ लेनी होगी।

इसके उपरांत प्रतिभागी 12 और 13 नवंबर को गुरू नानक जयंती पर उसी पौधे के साथ अपनी सेल्फी लेगा। प्रतिभागी को दोनों सेल्फी हैश टैग 'पौधा मेरा दोस्त' के साथ विश्वविद्यालय के अधिकारिक फेसबुक पेज पर शेयर करेंगे।